(ख) राज्य को कितना तेल प्राप्त हुआ है;

(ग) क्या सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अधीन मिट्टी के तेल के वितरकों के कमीशन में वृद्धि करने का कोई अनुरोध प्राप्त हुआ है; और

(घ) यदि हां, तो उस पर क्या कार्यवाही की गई है?

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री (श्री बी० शंकरानन्द): (क) और (ख) जनवरी, 1992 से अक्तूबर, 1992 तक गुजरात को आवंटित और प्रेषित मिट्टी के तेल की मात्रा क्रमशः 638796 मी० टन और 639647 मी० टन थी।

(ग) जी, हां।

(घ) यह सरकार के विचाराधीन है।

भारतीय वन सेवा

*338. **श्री शिव प्रसाद चनपुरिया**: क्या **पर्यावरण और वन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) 31 मार्च, 1990 से 31 मार्च, 1992 तक भारतीय वन सेवा के अधीन प्रशिक्षित कितने अधिकारियों को सीधी भर्ती द्वारा विभिन्न राज्यों में राज्य-वार नियुक्त किया गया है; और

(ख) इस अवधि के दौरान कितने अधिकारियों को विभागीय पदोन्नति के द्वारा मंडल वन अधिकारी और वन संरक्षक के रूप में पदोन्नत किया गया तथा उनकी तैनाती का ब्यौरा क्या है?

पर्यावरण और वन मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री कमल नाथ): (क) वर्ष 1987, 1988 और 1989 में संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित भारतीय वन सेवा परीक्षाओं के आधार पर 31 मार्च, 1990 से 31 मार्च, 1992 के दौरान 246 अधिकारियों को राज्यों में नियुक्त किया गया। नियुक्त अधिकारियों का राज्य-वार ब्यौरा सदन के पटल पर रखे गये विवरण में दिया गया है। (नीचे देखिये।)

(ख) इस अवधि के दौरान, राज्य वन सेवा के 71 अधिकारियों को भारतीय वन सेवा में पदोन्नत किया गया। राज्य-वार सूचना सदन के पटल पर रखे गए विवरण में दी गई है। (नीचे देखिये।)

भारतीय वन सेवा के अधिकारियों की वन संरक्षकों के पदों पर पदोन्नति संबंधित राज्य सरकारों द्वारा की जाती है। विनिर्दिष्ट अवधि के दौरान राज्य सरकारों द्वारा की गई इस प्रकार की पदोन्नतियों की संख्या के बारे में सूचना एकत्र की जा रही है और उसे सभा पटल पर रख दिया जायेगा।

विवरण

(क) 31 मार्च, 1990 से 31 मार्च, 1992 तक की अवधि के दौरान राज्यों को आवंटित सीधी भर्ती हुये भारतीय वन सेवा के अधिकारियों की राज्य-वार संख्या:

क्र०सं०	राज्य	कुल संख्या
1.	आन्ध्र प्रदेश	8
2.	असम	5
3.	बिहार	13
4.	गुजरात	9
5.	हरियाणा	12
6.	जम्मू व काश्मीर	4
7.	केरल	7
8.	कर्नाटक	18
9.	मध्य प्रदेश	47
10.	महाराष्ट्र	10
11.	मणिपुर	6
12.	मेघालय	2
13.	नगालैंड	2
14.	हिमाचल प्रदेश	9
15.	उड़ीसा	12
16.	पंजाब	5
17.	राजस्थान	13
18.	तमिलनाडु	14
19.	त्रिपुरा	6
20.	सिक्किम	1
21.	पश्चिम बंगाल	7
22.	उत्तर प्रदेश	31
23.	संघ राज्य क्षेत्र	5
		246

*भारतीय वन सेवा परीक्षा, 1987, 1988 और 1989 के माध्यम से भर्ती उम्मीदवार।

(ख) 31 मार्च, 1990 से 31 मार्च, 1992 तक की अवधि के दौरान भारतीय वन सेवा में पदोन्नति द्वारा नियुक्त राज्य वन सेवा के अधिकारियों की राज्य-वार संख्या:

क्र०सं०	राज्य	कुल संख्या
1.	आन्ध्र प्रदेश	5
2.	असम	0
3.	मेघालय	2
4.	बिहार	11
5.	गुजरात	4
6.	हरियाणा	0
7.	हिमाचल प्रदेश	4
8.	जम्मू व काश्मीर	0
9.	कर्नाटक	3
10.	केरल	0
11.	मध्य प्रदेश	6
12.	महाराष्ट्र	3
13.	मणिपुर	1
14.	त्रिपुरा	2
15.	नगालैंड	1
16.	उड़ीसा	7
17.	पंजाब	1
18.	राजस्थान	7
19.	सिक्किम	1
20.	तमिलनाडु	10
21.	संघ राज्य क्षेत्र	0
22.	उत्तर प्रदेश	0
23.	पश्चिम बंगाल	3
		71

Cruelty to Animals

@@338-A. SHRI KRISHAN LAL SHARMA: Will the Minister of ENVIRONMENT AND FORESTS be pleased to state:

(a) whether it is a fact that cruelty to animals is wide spread and on the increase in the country at present;

(b) if so, the number and nature of such cases registered during the years 1991 and 1992 as till date,

(c) whether it is also a fact that efficacy of the Act preventing cruelty to animals needs a review;

(d) if so, whether Government propose to review the provisions of the Act; and

(e) what other steps Government propose to take to ensure better treatment for the animals?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF ENVIRONMENT AND FORESTS (SHRI KAMAL NATH): (a) and (b) The information is being collected from the State/UT Governments and shall be placed on the Table of the House.

(c) Yes, Sir.

(d) Yes, Sir.

(e) Government have taken following steps for prevention of cruelty to animals:

(i) State Governments have been advised to constitute State Advisory Boards for Animals Welfare.

(ii) State Governments have been requested to appoint Nodal Officer for better coordination of animal welfare activities of State and other voluntary agencies.

@@Previously Starred Question 380, Transferred from 18th December, 1992.